# वैशाली नगर विधायक द्वारा किया गया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शहर में नाला एवं अन्य समस्याओं का निरीक्षण किये। शहर में अवैध निर्माण को लेकर भवन अनुज्ञा एवं राजस्व शाखा से चर्चा कर स्थल का निरीक्षण किये। विधायक रिकेश सेन द्वारा निरीक्षण के दौरान देखा गया कि जोन 01 अंतर्गत होटल इम्पेरियल के पीछे अवैध कॉलोनी पुष्पक नगर में बिना भवन अनुज्ञा के भवन निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में अवैध निर्माण के संबधं में नगर पालिक निगम द्वारा अंतिम नोटिस जारी किया जा चुका है साथ ही थाना में प्राथमिकी सूचना दर्ज कराई गई है। विधायक उक्त खसरे में बैन हेतु राजस्व शाखा से चर्चा किये है। आकस्मिक दौरा के दौरान विधायक द्वारा किये गये चर्चानुसार अवैध निर्माण पर 30 सिंतबर पश्चात् कार्यवाही किया जाना है। जिससे भविष्य में इस तरह की अवैध निर्माण न हो सके। सभी नगर वासियों से अपील है कि वैध कॉलोनी में घर या प्लाट खरीदें एवं नगर पालिक निगम अधिनियम अंतर्गत भवन निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा पश्चात् ही गृह निर्माण कराये। जिससे अवागमन हेतु सुव्यवस्थित रोड, जल निकासी हेतु नाली, खेल परिसर एवं उद्यान का निर्माण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपुत, भवन अधिकारी अरविंद शर्मा, उपअभियंता सिद्वार्थ साहू, दौलत चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।